वर्ष-01, अंक-152
छपरा
बुधवार 3 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# क्लास 9-10वीं सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी

## 98 फीसदी शिक्षक हुए पास, 20,842 टीचर एग्जाम में हुए थे शामिल

**पटना,एजेन्सी।** बिहार बोर्ड ने क्लास 9वीं और 10वीं के लिए सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में 20 हजार 842 शिक्षक शामिल हुए थे, जिसमें 20 हजार 354 शिक्षक पास हुए हैं। पास होने का प्रतिशत 98त्न है। शिक्षक अभ्यर्थी अपना रिजल्ट बोर्ड के वेबसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर देख सकते हैं। सक्षमता परीक्षा के अलग-अलग विषयों में कुल 20 हजार 842 शिक्षक शामिल हुए थे। इसमें अंग्रेजी में 1 हजार 128, हिंदी में 1 हजार 445 , गणित में 2 हजार 982, विज्ञान में 2 हजार 786, संस्कृत में 1 हजार 237, सामाजिक विज्ञान में 5 हजार 987 और उर्दू विषय में 600 शिक्षक अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

इसके अलावा शारीरिक शिक्षा में 1 हजार 332, बांग्ला में 2, नृत्य में 21, अर्थशास्त्र में 443, ललित कला में 168, गृह विज्ञान में 69, लाइब्रेरियन में 1 हजार 438, मैथिली में 126, संगीत में 1 हजार 071 और पर्शियन विषय में 7 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस सक्षमता परीक्षा में सिर्फ 488 शिक्षक फेल हुए हैं, जिन्हें 'विशिष्ट शिक्षक' बनने के लिए आगामी परीक्षाओं में पास होना आवश्यक है। वहीं, कक्षा 11वीं और 12वीं का भी रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें 5 हजार 467 शिक्षक शामिल हुए थे, जिसमें 5 हजार 313 पास हुए हैं। पास होने का प्रतिशत 97.18 है।

# किशनगंज सड़क हादसे में दंपती की मौत

## इलेक्शन ट्रेनिंग से आ रही थी पत्नी, ट्रैक्टर ने मारी टक्कर...गाड़ी लेकर चालक फरार

**किशनगंज (बिहार),एजेन्सी।** किशनगंज बहादुरगंज पथ स्थित डेरामारी के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, उसकी पत्नी को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज की जा रही है। मृतक की पहचान मो. ताहिर आलम पिता मो हनीफ पदम्पुर दिघलबैंक के रहने वाले हैं। उनके साथ पत्नी 40 साल की शिक्षिका थी। जो इलेक्शन की ट्रेनिंग कर मारवाड़ी कॉलेज से वापस पति के साथ घर लौट रही थी। दोनों किशनगंज से खरीदारी कर वापस अपने घर पदमपुर दिघलबैंक जा ही रहे थे। उसी दौरान उनके बाइक को पीछे से ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। तब तक ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना के बाद मौके पर प्रशासन की टीम पहुंची। महिला को पुलिस वैन से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं, अन्य लोगों ने मृतक को ऑटो से लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि सांस चलने के कारण महिला को पहले सदर अस्पताल लाया गया। इसके बाद उसके पति का शव। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। घटना की सूचना पर कोचाधामन व टाउन थाना पुलिस मौके पर मौजूद है।

# फुल ऐक्शन में सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता

## पहली बार की एएपी विधायकों संग बैठक,मंत्री भी रहे शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद सियासत तेज है। हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है कि दिल्ली में अब सरकार कैसे चलेगी। इस बीच अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता फुल ऐक्शन में आ गई हैं। रामलीला मैदान से राजनीति में एक तरह से एंट्री ले चुकीं सुनीता ने पहली बार दिल्ली के विधायकों की बैठक ली है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी के विधायक उनसे मिलने के लिए सरकारी आवास में पहुंचे। आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, गोपाल राय समेत कई विधायक सुनीता केजरीवाल के पास पहुंचे। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के 62 विधायक हैं। अन्य 8 विधायक भाजपा के हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी विधायक व मंत्री ने सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की है। हमने उन्हें आश्वस्त किया है कि सभी विधायक व मंत्री उनके साथ है। क्योंकि जेल में सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने की मंजूरी है तो हमने उन्हें यह मैसेज अरविंद केजरीवाल को पहुंचाने के लिए कहा है। सौरभ ने कहा, %वह पार्टी की तरफ से मुख्यमंत्री तक संदेश ले जा सकती हैं और उनसे संदेश ला सकती है। हमने उनसे कहा है कि आज जब मुख्यमंत्री से बात हो तो उन्हें बताएं कि अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, मुख्यमंत्री हैं और मुख्यमंत्री रहेंगे। यह बात सभी लोगों ने भाभी से कही है। सुनीता केजरीवाल जी ने केजरीवाल जी का एक मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके जाने के बाद भी विधायकों, पार्षदों और संगठन के सदस्यों ने रामलीला मैदान में इतनी बड़ी रैली की। विधायकों ने भाभी से यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री जी का स्वास्थ्य कैसा है। भाभी ने कहा कि केजरीवाल जी ने कहा कि विधायक उनकी चिंता ना करें।% सूत्रों के मुताबिक आप विधायकों ने सुनीता केजरीवाल से कहा कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता केजरीवाल जी के साथ खड़ी है। केजरीवाल किसी भी कीमत पर इस्तीफा न दें और जेल से दिल्ली की सरकार चलाएं। यह बैठक ऐसे समय पर बुलाई गई जब कुछ घंटे पहले ही दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा उनके अलावा सौरभ भारद्वाज, एमपी राघव चड्ढा और विधायक दुर्गेश पाठक को गिरफ्तार करवा सकती है। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोपों को निराधार बताते हुए खंडन किया। सचदेवा ने कहा, %अरविंद केजरीवाल समेत पूरी आम आदमी पार्टी और इसके नेता शराब घोटाले में शामिल हैं। जैसे जैसे जांच आगे बढ़ रही है आप नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। सभी पर कार्रवाई होगी। सुनीता केजरीवाल और विधायकों की बैठक को लेकर सचदेवा ने कहा, %आम आदमी पार्टी में सत्ता संघर्ष चल रहा है। कोई किसी पर भरोसा नहीं करता है। कोर्ट में कल केजरीवाल ने आतिशी और सौरभ भारद्वाज का नाम एक्सपोज किया। अप्रत्यक्ष रूप से और धीरे-धीरे सुनीता केजजरीवाल पार्टी को नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रही हैं क्योंकि वह जानती हैं कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार किया है और उनके जेल से बाहर आने का चांस जीरो है।% गौरतलब है कि पिछ्ले कई महीनों से आम आदमी पार्टी के कई नेता दावा करते रहे हैं कि केजरीवाल के जेल जाने के बाद सुनीता केजरीवाल दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनेंगी। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सुनीता काफी सक्रिय हो गई हैं और ऐसे में भाजपा नेता कहते हैं कि उनकी ओर से किया गया दावा सच होने जा रहा है।

पीएम बोले..........

# भाजपा मतलब विकास और समाधानःकांग्रेस का मतलब देश की हर बीमारी की जड़



## तीसरा टर्म ऐतिहासिक फैसलों वाला होगा

**कोटपूतली (जयपुर)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान मे भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत की। जयपुर के पास कोटपूतली में मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन देश के लिए, अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

मोदी ने कहा कि आज देश में भाजपा का मतलब है, विकास और समाधान, लेकिन कांग्रेस का मतलब है- देश की हर बीमारी की जड़। आप देश की कोई बड़ी समस्या देखेंगे तो उसकी जड़ में कांग्रेस पार्टी ही नजर आएगी। सात दशकों तक देश में गरीबी रही, डिफेंस टेक्नोलॉजी में दूसरे देशों की तरफ देखना पड़ा, यह सब कांग्रेस की वजह है। मोदी ने कहा- वो कहते हैं कि मेरा परिवार नहीं है, इसलिए मुझे भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मोदी ने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। इस सभा के जरिए वे जयपुर ग्रामीण सहित इससे सटी दो अन्य लोकसभा सीट सीकर और अलवर को भी साधने की कोशिश की। इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में मोदी की पहली सभा थी।

# पीएम मोदी 4 अप्रैल को चुनाव प्रचार का करेंगे आगाज

## जमुई में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तैयारी का लिया जायजा, कई नेता रहें मौजूद



**जमुई,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमुई दौरा से पहले तैयारी का जायजा लेने के लिए मंगलवार को उपमुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पहुंचे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह व जमुई विधायक श्रेयसी सिंह मौजूद रही। वहां पहुंच कर सम्राट चौधरी ने पहले कार्यकर्ताओं के साथ एक घंटे तक बैठक किया। इसके बाद सभा स्थल का जायजा लिया। इस दौरान हेली पैड, मंच, दर्शक दीर्घा व सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उप मुख्यमंत्री ने फिर अन्य नेताओं से तैयारी को लेकर चर्चा किया। वहीं मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा की शुरुआत के लिए जमुई की पावन धरती को चुना है। यहां की धरती पर पहली सभा होने जा रही है। हम लोग जमुई लोकसभा के मतदाता समेत पूरे बिहार के मतदाता का स्वागत करेंगे और आगाज करेंगे। इस बार 40 की 40 सीटें बिहार से जीताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाएंगे।

# लोकसभा 2024 के लिए सीएम मान ने संभाला मोर्चा

## फरीदकोट-पटियाला के विधायकों से की मुलाकात, चुनावों से पहले नाराजगी करेंगे दूर

**अमृतसर (एजेंसी)।** पंजाब के जालंधर से विधायक शीतल अंगुराल और पूर्व सांसद व घोषित उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू के भाजपा में जाने के बाद अब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोर्चा संभाल लिया है। विधायकों में असंतोष को दूर करने के लिए सीएम भगवंत मान ने अब लोकसभा हलकों में जाकर विधायकों से मुलाकात करना शुरू कर दिया है। ताकि उन्हें दल बदलने से रोका जा सके और उनकी मुश्किलों का हल किया जा सके। मुख्यमंत्री भगवंत मान आज पटियाला और फरीदकोट में पहुंचे। जहां उन्होंने विधायकों से एक साथ बैठ कर बातचीत की है।

# संजय सिंह की 'आजादी' ईडी को भी मंजूर

## जमानत का नहीं किया विरोध, एससी ने लगाई 'शर्त'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में पिछ्ले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किए गए राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिल गई है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। छ्ह महीने से अधिक तक जेल में बंद रहे संजय सिंह की जमानत का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी विरोध नहीं किया। कोर्ट की इस जमानत के बाद केस का ट्रायल पूरा होने तक संजय सिंह को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, जेल से बाहर आने के बाद संजय सिंह शराब घोटाले को लेकर टिप्पणी नहीं कर सकेंगे। देश की सबसे बड़ी अदालत ने संजय सिंह को जमानत देते हुए कहा है कि वह शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले पर कोई टिप्पणी न करें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'आप' नेता संजय सिंह की जमानत से जुड़े नियम और शर्तें अधीनस्थ अदालत की ओर से तय की जाएंगी। प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यदि संजय सिंह को जमानत मिलती है तो उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले की पीठ ने 6 महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। हालांकि बेंच ने कहा कि जमानत पर रहते हुए संजय सिंह राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा ले पाएंगे। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि इस आदेश को मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केस के मेरिट को लेकर अदालत की ओर से कुछ नहीं कहा गया है। इस मामले में सुबह के सत्र में पीठ ने ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह निर्देश लेकर बताए कि संजय सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में रखने की और जरूरत है? दोपहर दो बजे बेंच जब दोबारा बैठी तो राजू ने कोर्ट से कहा कि मेरिट पर जाए बिना वह वह जमानत के मामले में रियायत देंगे।



# आयुक्त के सचिव डॉ संजय कुमार ने संभाला आरडीडीई का प्रभार

## निवर्तमान आरडीडीई विनय कुमार सिंह को दी गई सम्मान पूर्वक विदाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सारण क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक का प्रभार सोमवार को सारण के प्रमंडलीय आयुक्त के सचिव डॉ संजय कुमार ने संभाल लिया। आरडीडीई के कार्यालय कक्ष में आयोजित एक सम्मान समारोह में निवर्तमान आरडीडीई विनय कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्यालय के प्रधान लिपिक मनोज कुमार ने कहा कि आठ माह के कार्यकाल में साहब ने अमिट छाप छोड़ी है। सुबह से देर रात तक कक्ष में बैठकर कार्य सम्पादित करने की वजह से कार्यालयी कार्यों का भार खत्म हो गया है। सभी संचिकाएं अपडेट हो गयी हैं। कार्यालय भी सुसज्जित ढंग से आकर्षक लुक में दिखने लगा है।वहीं निवर्तमान आरडीडीई विनय कुमार सिंह ने भी कहा कि छपरा में मिला प्यार दुलार हमेशा याद रहेगा। सबने परिवार की तरह मुझे आठ महीने के कार्यकाल में सहयोग किया।इस अवसर पर पीओ सोनाली संचिता, आयुक्त कार्यालय के नरेन्द्र प्रसाद सिन्हा, आरडीडीई कार्यालय के प्रधान लिपिक मनोज कुमार, वरीय लिपिक सर्बानन्द सिंह, लिपिक दीपक कुमार साह, सीमा कुमारी, अमरजीत कुमार शर्मा, परिचारी सतेंद्र कुमार चौबे, अशोक प्रसाद महतो, विकास कुमार, मो हनीफ आदि अन्य मौजूद लोगों ने निवर्तमान आरडीडीई के कार्यकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। उधर सारण प्रमंडल आयुक्त के सचिव डॉ संजय कुमार सिंह को प्रभारी आरडीडीई बनाए जाने पर शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, व्यास सिंह, कमल कुमार सिंह, डॉ कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, मृत्युंजय कुमार, वरीय त्रकार जीतेंद्र कुमार पाण्डेय आदि अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही आशा व्यक्त किया है कि डॉ कुमार के कार्यकाल में शिक्षकों की सभी समस्याओं के सामाधान सहुलियत से होगा और शिक्षक भी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान कर अपने कर्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शित करेंगे।



# एचटी लाइन के जम्फर से निकली चिंगारी से गेंहू की खेत में लगी आग, तैयार फसल हुई नष्ट

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा क्षेत्र के बिशुनपुरा कला गांव में मंगलवार को बिजली के खंभे पर लगे 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली के तार के जम्फर से निकली चिंगारी के गिरने से सुखारी चौरसिया के चार कट्ठे खेत में पक्क कर तैयार गेंहू की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुखारी चौरसिया कहीं काम के सिलसिले में गए हुए थे। पत्नी रामरती देवी व परिजन घर पर थे। तभी दोपहर में उनके खेत से धुंआं उठते देखकर आसपास के लोगों ने शोर मचाया। जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और चापाकल की सहायता से गेंहू की फसल में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों के अथक प्रयास से चापाकल की सहायता से कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। संयोग अच्छा रहा कि घटना के वक्त पछुआ हवा तेज रफ्तार से नहीं था। गांव के लोगों ने अथक प्रयास कर आसपास के खेतों में लगे गेंहू के फसल जलने से बच लिया.बाद में अग्निशमन वाहन भी पहुंच गया। जिसकी सहायता से आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। इस बीच आग लगने की जानकारी मिलने पर सुखारी चौरसिया की पत्नी रामरती देवी अपनी बेटी के साथ खेत में पहुंची। तबतक उनकी बटाई बोयी गई गेंहू की फसल जलकर राख हो चुकी थी। जिसे देखकर दोनों बिलख-बिलखकर रोने लगी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना कुमार ने राजस्व कर्मचारी व सीओ को जानकारी दी। बिशुनपुरा कला गांव निवासी समाजसेवी देव कुमार सिंह सहित अन्य अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पीड़ित परिवार मजदूरी करके अपना भरण-पोषण करता है। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नही है। लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की हैं।

# अष्टयाम का हुआ आयोजन, निकाली गयी भव्य भव्य झांकी

दैनिक खोज खबर/परसा( सारण )-प्रखंड क्षेत्र स्थित माड़र पंचायत के कारिख बाबा मंदिर स्थान के समीप ग्रामीणों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड अष्टयाम का आयोजन किया गया।जिसको लेकर जिलापार्षद विनोद राय व भगत राघो राय,भूषण राय के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी।कलशयात्रा के दौरान शोभायात्रा में देवी देवताओ की आकर्षक झांकियां भी निकाली गई जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ।कलश यात्रा पवित्र यज्ञस्थल सैकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने बैंडबाजा डीजे के साथ माड़र,दिघरा,परसादी दियरा होते हुए गंडक नदी तट पहुची जहा आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश में जल भरी कराई गई।पुनः कलशयात्रा परसादी दियरा,परसौना, बनकेरवा बांध होते हुए पवित्र यज्ञ स्थल पहुची, जहा अखंड अष्टयाम प्रारंम्भ होते ही पुरे ग्रामीण बस्ती का माहौल भक्तिमय सा हो गया।जिलापार्षद विनोद राय ने बताया कि अष्टयाम पर्णाहूति के उपरांत बुधवार को बक्सर जिले के बूढा ब्यास और अरविंद अभियंता के बीच दुगोला कार्यक्रम का मुकाबला होगा।कलश यात्रा के दौरान जिलापार्षद विनोद राय,उपप्रमुख रघु राय,पैक्स अध्यक्ष बिंदु राय,देवा राय,लालबाबू राय, कामता राय, प्रो विमल प्रसाद,कृष्णा साह, विक्की यादव,सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार,त्रिभुवन सिंह,विश्वनाथ साह,धर्मेंद्र राय,उपसरपंच रमेश राय,देवीलाल राय,शांतनु राय,शौखि राय,चंदन कुमार,बिट्टू कुमार,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष सरिता देवी,प्राचार्य वैजांती देवी,आरती कुमारी,निर्मला यादव,काजल कुमारी,सोशिला देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष व युवतियाँ श्रद्धालु भक्त गण लाल पीले वस्त्र में शामिल थे।



# गड़खा में नाइट गार्ड का पुत्र मितल हुआ टॉप टेन में शामिल, खुशी का माहौल



**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के पोहिया गांव निवासी नाइट गार्ड विकलेश राय का पुत्र मितल कुमार उर्फ रौशन पूरे बिहार में टॉप 10 में शामिल होकर गड़खा प्रखंड का नाम रोशन किया है।मितल 480 अंक लाकर पूरे बिहार में 9वा रैंक पर हैं। माता रीता देवी हाउसवाइफ है। मितल की प्रारंभिक शिक्षा शांति कुंज आवासीय विद्यालय फुरसतपुर से प्रिंसिपल कुमारी सविता सिन्हा के देखरेख में शुरू हुई।उसके बाद होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल अख्तियारपुर से रंजित सर से आगे की पढ़ाई पूरी कर बिहटा में पढ़ा । जहां से सिमुलतला आवासीय विद्यालय जमुई में उसका एडमिशन हुआ। जहां प्रतिदिन 5 से 6 घंटा मन लगाकर पढ़ाई करता था। मितल अब आगे कोटा से आईआईटी की पढ़ाई कर इंजीनियर बन देश की सेवा करना चाहता है।मितल के गांव पोहियां में 95% लोग किसान और ड्राइवर है। वहा शिक्षा की काफी कमी है। वैसे में मितल का 96% अंक लाकर के गांव सहित पूरे जिले के बच्चे को प्रेरणा का केंद्र बने हुए हैं।प्रिंसिपल कुमारी सविता सिंह ने मिठाई खिला मेडल दे सम्मानित कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शांति कुंज स्कूल के लिए गर्व की बात है। मितल को आगे के पढ़ाई के लिए जो भी करना होगा किया जाएगा।

## स्कूल टॉपर माने मठिया गांव के अविनाश को गोस्वामी समाज ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)** मप्रखंड के माने मठिया गांव निवासी विधान सभा सचिवालय में डाटा इंट्री ऑपरेटर सरोज कुमार गिरी ( मुना बाबा ) व आगनबाड़ी सेविका - कान्ति देवी पुत्र एव परसागढ़ उत्तरी हाई स्कूल का छात्र अविनाश कुमार को अखिल भारतीय गोस्वामी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में 452 अंक हासिल कर अविनाश गिरि स्कूल टॉपर रहा है म अविनाश के बड़ा पापा - दशरथ गिरी ,दादा - रामेश्वर गिरी ,भाई -प्रिंस गिरी (बैंक मनेजर ),अमन गिरी ,मनोरजनं गिरी ,प्रोफेसर डॉक्टर यदुवीर भारती ( बौद्धिक मंच प्रवक्ता सारण जिला गोस्वामी महा सभा ),सुमन गिरी ( छठु गिरी ,कामता गिरी सहित समिति के सचिव ),बबलू गिरी,मदन भारती ,सूर्य प्रकाश गिरी ,जयराम गिरी ,बिशाल गिरी ,अनूप गिरी ,बीरु गिरी ,चंद्र शेखर गिरी ,ब्रजेश गिरी आदि ग्रामीणों ने कहा कि अविनाश की टैलेंट से पुरा गोस्वामी समाज गौरवान्वित हुआ है।



## मैट्रिक परीक्षा में थर्ड स्टेट टॉपर पलक को ई ज़ेपी सिंह ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** हाल ही में जारी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाली एकमा प्रखंड के रसूलपुर की बेटी पलक कुमारी को रामाधार सिंह बीएड कॉलेज के सचिव इंजीनियर जेपी सिंह ने सम्मानित किया। पलक कुमारी मूलतः एकमा प्रखंड क्षेत्र के रसूलपुर थाना के धानाडीह की निवासी है। पलक ने हुस्सेपुर स्कूल से पढ़ाई किया था।पलक के घर धानाडीह पहुँचकर इंजीनियर जय प्रकाश सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व नगद 5000 रुपये देकर पुरस्कृत भी किया। इस दौरान पलक ने बताया कि उसका सपना आईएएस बनने का है।वहीं इंजीनियर जय प्रकाश सिंह ने पलक को हर सम्भव सहायता का आश्वासन भी दिया। मौके पर राजू शर्मा, ठाकुर नागेन्द्र सिंह,विनीत कुमार, देवेंद्र सिंह,अमन राज ,राजू सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिजली शॉर्ट सर्किट एक किसान के दलान में अचानक से लगी आग

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** प्रखंड के अगहरा, चंदा में मंगलवार की दोपहर बिजली शॉर्ट सर्किट एक किसान के दलान में अचानक से आग लग गई। दलान से आग की लपटों को निकलते देख परिजन और आसपास के लोगों ने किसी तरह से दलान से मवेशी को सुरक्षित बाहर निकालने में सफल हो गए। लेकिन ग्रामीणों के प्रयास के बाद भी आग पर काबू नही पाया जा सका। दोपहर तेज पछूआ हवा ने आग को तेजी दे दी जिससे आग फैलने लगी। आग को बिकराल होता देखकर अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची अग्निसमन कर्मियों ने अथक प्रयास से आग पर काबू पाया और आग को फैलने से रोका। आग थमता तब तक दलान और उसके अंदर रखा आनाज, कपड़ा पुरी तरह से जल चूका था । पीड़ित गृहस्वामी चंदा निवासी धर्मनाथ राय ने बताया कि आग लगी तब दलान में मवेशी भी बंधे हुए थे। मुश्किल से उन्हे सुरक्षित बाहर निकाला गया।?

# 52वीं सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के प्री क्वार्टर में पहुंचा बिहार

## बिहार टीम में सारण से भी खिलाड़ी शामिल

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम बेगुसराय जिला हैंडबॉल द्वारा आयोजित 52 वी सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में बिहार ने अपने पूल में महाराष्ट्र को 33 -15 जबकि चंडीगढ़ को 29 -24 गोल के अंतर से पराजित कर अपना विजय अभियान जारी रख प्री क्वार्टर में जगह बनाया।

बिहार टीम में सारण से भी खिलाड़ी शामिल है जो अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर रहे है । मंगलवार के देर शाम बिहार प्री क्वार्टर जम्मू कश्मीर से खेलेगा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन बरौनी के विधायक रामरतन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आयोजन का जायजा लिया। बेगुसराय के उड़ान इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सूबे के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा के साथ किया। मौके पर एचएफआई टेक्निकल कमिटी के चेयरमैन शर्मा जी , बिहार हैंडबॉल के अध्यक्ष पंकज कुमार , महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह , आलोक कुमार , उपाध्यक्ष गोपाल जी , आयोजन अध्यक्ष डा धीरज शांडिल्य , बेगुसराय हैंडबॉल सचिव मुखिया महंत प्रणव भारती , सुनील कुमार सौरव सिप्पी , प्रशांत कुमार , सुमित कुमार , डा बलवंत , संजीव सिंह सहित अन्य थे। प्रतियोगिता के तीसरे दिन जहा बिहार टीम ने अपने खेल कौशल से विपक्षी टीम पर लगातार विजय अभियान जारी रख पूल विनर हो अगले चक्र में प्रवेश किया वही दिल्ली , हरियाणा , मध्यप्रदेश , झारखंड , गुजरात सहित अन्य टीम ने भी अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया। बिहार हैंडबॉल संघ के साथ आयोजन समिति के सदस्य बेहतर आयोजन को लेकर लगे हुए है। दूधिया फ्लड लाइट की रोशनी में देर रात तक मैच का आनंद बेगुसराय के हजारों दर्शक ले रहे है।



## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चौपाल के माध्यम से किया गया जागरूक

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।जिलाधिकारी के निर्देश पर जीविका बीपीएम ब्रजेश कुमार गुप्ता ने परसा प्रखंड क्षेत्र के परसौना पंचायत के बूथ संख्या 55 पर, जहां पिछले निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम था,उन मतदाताओं दोपहर चौपाल का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शपथ दिलायी गयी।चौपाल में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित मतदाताओं से पिछले बार कम मतदान के कारणों की जानकारी प्राप्त की गई।साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे उपायों पर भी चर्चा की गई।शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारी के संबंध में भी लोगों को बताया गया तथा निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई।मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध रहने की बात बताई गई तथा उपस्थित मतदाताओं से सुझाव भी प्राप्त किये गए।

## माधोपुर के रौनक उपाध्याय नवोदय व सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर बढ़ाया गांव का मान



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के चनचौरा माधोपुर उत्क्रमित हाई स्कूल के पांचवी के छात्र रौनक उपाध्याय उर्फ लव कुमार ने एक साथ नवोदय व सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह सहित पुरे स्कूल के शिक्षकों ने रौनक को बधाई देते हुए प्रसन्नता जाहिर की है।पेशे से आर के मेमोरियल स्कूल संचालक दम्पती माता पुष्पा देवी व पिता नरोत्तम उपाध्याय के पुत्र रौनक ने बताया कि माता पिता व ट्यूटर अनुप दूबे के नेतृत्व व प्रेरणा से वह एक साथ दोनों ही परीक्षा में सफलता हासिल की है पर वह सैनिक स्कूल में अनुशासित शिक्षा प्राप्त कर एक सैनिक अधिकारी के रूप में देश सेवा करना चाहता है।रौनक के अनुसार उसके बड़े पापा डा सुनील उपाध्याय एलपी शाही कालेज के सेवा निवृति होकर साहित्य सेवा करते हैं।अन्य दो बड़े पापा मनोज उपाध्याय व अजय कुमार उपाध्याय भी शिक्षक हैं।जिनसे प्रेरणा मिलती रही है।

## पुलिस चौकसी को चकमा देकर शराब कारोबारी बड़ी खेप की मारी थी इंट्री, पुलिस ने पकड़ी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** लोकसभा चुनाव को लेकर इधर पुलिस ने गश्त और चौकसी बढ़ा दी है फिर भी शराब कारोबारी चौकसी को धता बता कच्ची स्प्रीट की बड़ी खेप की मढ़ौरा क्षेत्र में इंट्री करा दी।पुलिस की गुप्त सूचना तंत्र के माध्यम से कच्ची स्प्रिट की खेप को पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थानाक्षेत्र के बिक्रमपुर में पुलिस ने छापामारी करके एक पीकअप वाहन पर 3718 लीटर कच्ची स्पिरिट जप्त किया है जबकि मौके से शराब कारोबारी भागने में सफल रहे। इस संबंध में ?पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिक्रमपुर में अवैध शराब को चुनाव के दौरान इस्तेमाल के लिए ?उतारा जा रहा है, त्वरित छापामारी दल गठन करके एएलटीएफ के सहयोग से कार्रवाई किया गया तो एक पीकअप वाहन पर 26 लीटर के गैलन में 118 गैलन कुल मात्रा 3718 को बरामद किया गया जबकि मौके से कारोबारी फरार हो गये । इस संबंध में पुलिस ने बताया कि बिक्रमपुर स्थित सोनू बैठा के बथान से पिकप समेत 3718 लीटर कच्ची स्प्रिट बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने कारोबारी को चिन्हित कर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की की प्रक्रिया में जुटी है।

## पूर्व मुखिया प्रत्याशी के घर से नकदी चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मुबारकपुर पंचायत के पुर्व मुखिया प्रत्याशी के घर लाख रुपये नकद की ?चोरी हो गई। मामले में मुबारकपुर निवासी पूर्व मुखिया प्रत्याशी दयाशंकर राम के आवेदन पर आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दर्ज प्राथमिकी में दयाशंकर राम ने कहा है कि वह अपनी विकास मित्र पत्नी सरिता देवी के साथ सप्ताहिक बैठक में भाग लेने प्रखंड कार्यालय में आया था। इस दौरान उसके घर में रखा एक लाख रुपया उसका पड़ोसी दीपक राम व कविता देवी ने चोरी कर ली। पूछताछ करने पर इनके साथ अन्य छह लोगों ने मिलकर मारपीट की।

## मध्य विद्यालय कदना में रसोईया और सहायकों को दी गई प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/गड़खा।** प्रखण्ड के आदर्श मध्य विद्यालय कदना में सोमवार को रसोईया सह सहायको का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तहत मध्याह्न भोजन योजना पर सभी को प्रशिक्षण दी गई। स्कूल में रसोईया और सहायकों को पोषण युक्त तथा सवच्छता पूर्वक भोजन बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। सभी रसोइयों को उत्साह पूर्वक काम करने की स्वीकृति दी गई। मौके पर प्रधानाध्यापक भूषण कुमार सिंह, प्रखंड साधन सेवी मनोज सिंह, बीआरसी अकाउंटेड अभय कुमार, मुन्नी प्रसाद, धनंजय कुमार ,हरेश्वर सिंह अनिल कुमार सिंह उदय सिंह, सुजीत कुमार राज नारायण प्रसाद, संकुल संचालक मुंशी प्रसाद अजय प्रसाद, गिरधारी साह, अनीता देवी अन्य उपस्थित थे।

## मशरक थाना परिसर में भवन निर्माण कार्य में मजदूर को लगा बिजली का करेंट

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में थाना के नये भवन निर्माण कार्य में लगें मजदूर को बिजली का करेंट लगनें से अचेतावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान कटिहार जिले के जैरवाडी थाना के कोढ़ा प्रखंड के गंगा सागर गांव निवासी मोहम्मद अख्तर पिता मोहम्मद खली के रूप में हुई। घटना के बारे में बताया गया कि थाना परिसर में थाना के नये भवन का निर्माण कार्य चल रहा है उसी निर्माण कार्य में लगें मजदूर के द्वारा वाइभेटर मशीन से कार्य किया जा रहा था उसी दौरान बिजली का करेंट लग गया आनन-फानन में कार्य में लगें मजदूरों के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज जारी है।

## कट्टा और कारतूस के साथ दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** पुलिस ने सोमवार को सरैया पुल के निकट से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है.इनके पास से एक कट्टा, दो कारतूस, दो मोबाइल एवं एक बाइक बरामद की गयी है.गिरफ्तार अभियुक्तों में जलालपुर थाने के जीएस बंगरा गांव निवासी सुबोध कुमार सिंह एवं इसी गांव के अर्जुन प्रसाद शामिल हैं.दोनों पर नगरा, खैरा, इसुआपुर, जलालपुर एवं सहाजितपुर थाने में हत्या, धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, मद्यनिषेध सहित दर्जन भर से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं.पूछताछ में अपराधियों ने बताया कि उक्त बाइक चोरी की है.जांच में पाया गया कि गत नौ मार्च को गीना जिले के लकड़ी नर्बासपुर निवासा राहुल कुमार न अपना अपाची बाइक चोरी होने के मामले में बनियापुर थाने प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# सारण संसदीय क्षेत्र में राजद प्रत्याशी रोहणी आचार्या ने रोड शो से की चुनावी अभियान की शुरुआत



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के छोटी बेटी रोहणी आचार्य लोकसभा चुनाव में सारण संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी। रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को भगवान के पूजा अर्चना के उपरांत अपने माता-पिता और बड़ो से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद पहली बार जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। पटना से रोहणी आचार्य के साथ राजद प्रदेश महासचिव रेणु यादव और विस्कोमान अध्यक्ष सुनील सिंह सोनपुर पहुंचने के बाद जेपी सेतु के बजरंग चौक पर महागठबंधन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पूर्व मंत्री जितेंद्र राय, पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम,सोनपुर विधायक डॉ रामानुज प्रसाद,परसा विधायक छोटेलाल राय ,जिला महासचिव सुमित्रा चौरसिया, लगनदेव राय,सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित सैकड़ों पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ताओं ने मौजूद होकर स्वागत किया। स्वागत करने के उपरांत सैकड़ो की संख्या में चार और दो चक्के के वाहनों के साथ काफिला खरिका, कसमर, नौडीहा ,सैदपुर गोविंदचक ,परमानंदपुर होते हुए गोपालपुर, नयागांव, हासिलपुर, डुमरी बुजुर्ग में पहुँच कर माँ कालरात्रि की पूजा अर्चना करते हुए सितलपुर, दिघवारा आमी मंदिर पहुँच कर माँ अम्बिका की पूजा अर्चना करते हुए झौआ ढाला तक पहुँची। रोड शो के दौरान रोहणी आचार्य को जगह-जगह लोगों ने फूलों से वारिस किया। कुछ युवाओं ने बुलडोजर तो कोई पेड़ पर चढ़कर तो वही महिलाओं ने अपने अपने घर के छत पर चढ़कर फूलों की बारिश की। जगह जगह महिलाओं ने माला पहनाकर आचार्य को स्वागत करते हुए जीत के भरोसा दिलाया। वही रोहिणी आचार्य ने अपने मां और बहन की तरह रोड शो के दौरान महिलाओं से गले मिली और सभी लोगों से हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए आशीर्वाद मांगते हुए आगे की ओर बढ़ रही थी। रोड शो के दौरान जबरदस्त भीड़ देखने को मिला उन्होंने रोड शो के दौरान कहीं की ऐसा प्यार हमारे माता-पिता और भाई को मिला इस धरती पर वही प्यार हमें भी मिल रहा है। यह ऋण में मरते दम तक सारण की जनता की सेवा करूंगी उन्होंने कहि कि मैं अपने पिता को किडनी दी है लेकिन सारण की जनता के लिए मेरा जान हाजिर है। सारण संसदीय क्षेत्र के विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस रोड शो के दौरान भारी संख्या में भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल जगह-जगह तैनात किया गया था साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था वही संध्या होने के बाद में छपरा निजी होटल में रात्रि विश्राम करेगी और फिर वुधवार को सारण संसदीय क्षेत्र के जगह-जगह रोड शो करेगी।




## रूद्र शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा, भक्तिमय हुआ माहौल

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)**-थाना क्षेत्र के बेनौत गांव के बथानी टोला स्थित रटन बाबा के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय ''रूद्र शतचंडी'' महायज्ञ के शुभारंभ के अवसर पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने हाथी घोड़े व गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा के दौरान हर तरफ भक्तिमय माहौल रहा।गांव में कलश यात्रा की तैयारी सुबह से शुरू हुई।जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा,श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने लगी।इस दौरान महिलाओं व बालिका की संख्या काफी बढ़ गयी।भक्तिगीतों के बीच शोभा यात्रा में शामिल लोग हर हर महादेव व जय शिव का नारा लगा रहे थे।कलश यात्रा तेलियाडीह,लौआरी के रास्ते ''बाबा महेन्द्रनाथ'' स्थित कमलदाह सरोवर पहुंच कन्याओं ने जलभरी कर पुनः यज्ञस्थल पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश को स्थापित कर महायज्ञ आरंभ किया गया। यज्ञाध्यक्ष श्री रटन बाबा व यजमान अंगद तिवारी ने बताया कि वाराणसी से आये यज्ञाचार्य श्री लक्ष्मीकांत पाण्डेय के दिशा-निर्देश में आयोजित महायज्ञ के दौरान वृन्दावन से पधारीं राष्ट्रीय कथावाचक प्रियंका जी शास्त्री श्रीमद्भागवत कथा एवं रामकथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबकी लगाएंगी। कलश यात्रा को सफल बनाने में छोटन सिंह,मोनू सिंह,धर्मेन्द्र तिवारी,राहुल दुबे,प्रकाश सिंह पुन्नु,बिकास सिंह राठौर,अश्विनी तिवारी,सुजीत सिंह रंजीत सिंह,बिक्की,बंटी,आदि लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## राष्ट्र रक्षा रुद्राक्ष महायज्ञ : विश्व की सबसे पवित्र और मोक्ष की भूमि भारत भारतवासी बहुत सौभाग्यशाली- कथावाचक देवकीनंदन भारद्वाज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर स्थित संकटमोचन मंदिर ,तपोभूमि के प्रांगण में बिहार सांस्कृतिक विकास परिषद के सौजन्य और आयोजनकर्ता धर्म जागरण समन्वय के द्वारा आयोजित राष्ट्र रक्षा रुद्राक्ष महा यज्ञ 29 मार्च से हो रहा है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आचार्य श्याम सुंदर जी महाराज के नेतृत्व में भक्तों ने रुद्राभिषेक मंगलवार को किया। रुद्राक्ष से निर्मित शिव लिंग पर विभिन्न प्रकार के फलों,मिष्ठानों से रूद्रा भिषेक किया गया। सोमवार के मुख्य यजमान संजय सिंह थे। रुद्राभिषेक में उपस्तिथ समस्त भक्तजनो को रुद्राक्ष की माला की 60 वेदी बनाकर पूजन शुरू कराया गया। प्रत्येक वेदी मिष्ठान से रुद्राभिषेक हुआ। भक्तों ने विभिन प्रकार के मिठाई ,वस्त्र और प्रसाद से 5 लाख 51 हजार रुद्राक्ष से बने शिव लिंग को भेंट किया। हर हर महादेव के मंत्रोचार और उदघोष से पूरा सोनपुर गुंजायमान रहा। आचार्य जी ने कहा कि भगवान का मिष्ठान भोजन से भक्तों का जीवन भी मिठास से भर जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ मानव , डॉ अवधेश कुमार,सूबेदार जी,राजेश कुमार,श्याम बाबू आदि सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्तिथ थे। सांध्यकालीन में विन्दावन से पधारे कथावाचक देवकीनंदन भारद्वाज जी ने कथा प्रारंभ की और कथा के माध्यम से कहा कि रामराज्य आने से सभी लोगों का कल्याण होता है। देश मे समृद्धि और शांति आती है। उन्होंने कहा कि जो भारत मे जन्म लिया वो देवताओं के बहुत करीब है। विश्व की सबसे पवित्र और मोक्ष की भूमि भारत ही है। भगवान जब भी अवतार लिए भारत भूमि पर ही आये है। आप सबो का यह सौभाग्य है कि आप भारत की भूमि पर जन्म लिए है। कथा उपरांत 12000 लोगों को प्रसाद के रूप महाप्रसाद भोजन कराया गया। कथा के कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राम नरेश दास, आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद,क्षेत्र कारवाह मोहन सिंह,क्षेत्र शारीरिक प्रमुख मनोज कुमार,प्रान्त प्रचारक रविशंकर वासन्य,ई रामबालक यादव,जिला संघ चालक प्रहलाद चौरसिया ,सह प्रान्त सेवा प्रमुख शंभु नाथ सिंह,कौशल कुमार संगठन विस्तारक भाजपा,किमी आनंद ,अररिया उपस्तिथ थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्म जागरण के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार जी ,कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार सिंह,धर्म जागरण के प्रांत संयोजक डॉ अवधेश कुमार,आरोग्य भारती के जिला सह सचिव सुबोध कुमार,अरुण सिन्हा,आशुतोष कुमार अभिषेक श्रीवास्तव आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं की मुख्य भूमिका रही।

## कथा जीवन के व्यथा को दूर कर देती है : गोविंद जी महाराज

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** हर घर में कथाएं होगीं तो आपके बच्चे सांस्कारिक होगें।कथा जीवन की व्यथा को दूर कर देती है।भगवत प्राप्ति का साधन है कथा। उक्त बातें भागवत मर्मज्ञ गोविंद जी महाराज ने अमनौर प्रखण्ड के तकेया सूर्य मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय भागवत कथा सह विज्ञान योग शिविर में प्रवचन करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि संसार माया से ओत-प्रोत है।भगवान के असंख्य अवतार हैं।



इसके पूर्व नौ दिवसीय भागवत कथा सह योग विज्ञान शिविर का विधिवत उद्घाटन संत श्रीधर दास जी महाराज,संत राजेन्द्र दास,पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव पूर्व प्राचार्य रामप्रवेश पंडित,राजेन्द्र राय आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कराया।मंच संचालन शिक्षक सुरेश रंजन ने किया।इस मौके पर पत्रकार राजेश उपाध्याय,जीतलाल राय,मुन्द्रिका प्रसाद यादव,भरत सिंह,रामजीनिश सिंह,मुरारीस्वामी,वीरेन्द्र ब्यास,वशिष्ठ,डाछोटू कुमार साह,राजकिशोर राय,रतन श्रीवास्तव,नागेंद्र निराला आदि उपस्थित थे।

## जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महा सचिव बने डॉक्टर हरिशंकर चौधरी

### डॉ चौधरी के जेडीयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनने के बाद लोगो ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी सेवानिवृत्त डॉ हरिशंकर चौधरी को जेडीयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नारायण सिंह एवं प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सिंह ने उन्हें जेडीयू के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनीत सोमवार के शाम सोनपुर संजीवनी चिकित्सा भवन में पहुँच कर सदस्यता ग्रहण कराया ।जेडीयू के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉक्टर हरिशंकर चौधरी के सदस्यता ग्रहण करने के बाद जेडीयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि डॉक्टर चौधरी के पार्टी में आने से पार्टी की मजबूती मिलेगी साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम में सहूलियत होगी। दूसरी ओर सदस्यता ग्रहण करने के बाद के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनीत होने के बाद डॉक्टर हरिशंकर चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नारायण सिंह को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के सदस्यता ग्रहण करने में जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की बड़ी भूमिका रही है। मैं उन्हें तहे दिल से दीर्घायु होने की कामना करता हूं। मेरा पहला प्रयास होगा कि अपने चिकित्सा प्रकोष्ठ



को मजबूती प्रदान कर सके और इस क्षेत्र में सकारात्मक कदम उठाए जा सके ।उन्होंने कहा कि जदयू एक ऐसी पार्टी है जिसमें महिलाओं के प्रति आदर भावना के साथ महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री के नियमों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर मैं जदयू में आने का निर्णय लिया। डॉ चौधरी ने कहा कि आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में अपने समर्थकों के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर जीत हासिल करने में हम भूमिका निभाएंगे साथ ही हमें जो कार्यभार सौपा गया है।इसे मैं पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए मैं प्रयासरत रहूंगा। इस मौके पर जेडीयू गठबंधन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाकरपुर में अज्ञात वाहन के ठोकर से एक महिला की हुई घटनास्थल पर मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के बाकरपुर फोर लैन में अज्ञात वाहन चालक ने मंगलवार के सुबह एक महिला को ठोकर मार कर फरार हो गया। जहां मौके पर महिला की मौत हो गई ।मृतक की पहचान बाकरपुर के शिवनाथ सिंह के पत्नी सीता देवी उम्र 60 वर्ष के करीब है। इस घटना के बाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क मार्ग को जाम कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया और गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने सोनपुर पुलिस को दी।जहां घटना की जानकारी मिलते ही सोनपुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर जाम लगे सड़क मार्ग को आवा गमन सुचारू से चालू कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। इस घटना के बाद से गांव में हाहाकार मच गया जबकि परिवार जनों को रो -रो के बुरा हाल है। भाजपा नेता लाल बाबू कुशवाहा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कुशवाहा चौक के पास बराबर घटना होती रहती है। इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार से वाहनों का परिचालन होने के कारण घटना घटित होती है ।ऐसे में कुशवाहा चौक पर गोलंबर बनाने की मांग की है साथ ही कुशवाहा ने कहा कि मृतक गरीब परिवार से हैं ऐसे में मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की।




## मशरक के अलग-अलग मतदान केंद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक बीडीओ पंकज कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के चांद कुदरिया, हरपुरजान, सुंदर, डुमरसन, फरदहिया, बंगरा, पदमौल समेत कई अन्य जगहों पर बूथ निरीक्षण करने का काम किया गया। ताकि लोकसभा चुनावों में शतप्रतिशत मतदान सही से निष्पक्ष चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराया जा सके। इस दौरान बीडीओ पंकज कुमार ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से मतदान केंद्रों पर मतदताओं के लिए व्यवस्था की गई सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का जायजा लिया। जबकि चुनाव से पूर्व मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय व बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं बीडीओ श्री कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया जा रहा है जिस सरकारी विद्यालय में मतदान केंद्र हैं वहा पीने का पानी, शौचालय, बैठने का स्थान समेत अन्य मौजूद सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है।

## मुख्य मार्ग के किनारे की दर्जनों घरों पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर जमीन को खाली कराया

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से सारण जिले को जोड़ने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण में वाधक बनी मांझी छपरा मुख्य मार्ग के किनारे की दर्जनों घरों पर सारण जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सड़क की जमीन को खाली कराया। छपरा के सदर एसडीओ संजय कुमार राय के नेतृत्व में मंगलवार को दिन भर चलाये गए अभियान में मांझी के सीओ बीडीओ रंजीत सिंह,थानाध्यक्ष अमित कुमार राम के अलावा एनएचएआई के पदाधिकारी एवम बड़ी संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल के जवान तैनात किए गए थे। बुलडोजर तथा जेसीबी के सहयोग से गिराए जा रहे घरों व दुकानों को तास के पत्तो की तरह गिरता देख कई घर के लोग छाती पीटकर रो रहे थे। मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उनको न तो नोटिस मिली है और न ही मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है। कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा मुआवजे की निर्धारित राशि को मानक के विपरीत बताते हुए मुआवजे की राशि बढ़ाने की माँग की। कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर जबरदस्ती करने का भी आरोप लगाया।

कौरुधौरु से शुरू किए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नाराज महिलाओं ने ईंट पत्थर चलकर बुलडोजर तथा जेसीबी का शीशा तोड़ दिया। इस दौरान कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया। मौके की नजाकत को देखते हुए छपरा से दर्जनों महिला पुलिस बल को बुला लिया गया तब जाकर महिलाएं शांत हुई तथा अभियान को आगे बढ़ाया जा सका। जिला प्रशासन द्वारा कौरुधौरु से लेकर बलिया मोड़ तक अतिक्रमण हटाया गया। पूरे दिन अभियान के दौरान सैकड़ों लोग सड़कों पर जमे रहे। मौके पर मौजूद लोग कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों को फोन करके अभियान को रुकवाने का आग्रह करते रहे। हालांकि किसी जन प्रतिनिधि ने अभियान को रुकवाने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नही किया जिससे लोगों में उनके प्रति नाराजगी देखी गई।



## गेहूं की फसल वाली खेत में लगी आग, फसल जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मंगलवार को मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग में स्थानीय गोढ़ा गांव निवासी राज किशोर यादव का फसल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुँची अग्नि शामक वाहन तथा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा आग से बहुत बड़ी तबाही हो सकती थी।

## पहलेजा पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया ,वाहन चालकों में हड़कंप

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोकसभा चुनाव सहित सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटना की रोकथाम के उद्देश्य से पहलेजा पुलिस के द्वारा जेपी सेतु के चेक पोस्ट,बजरंग चौक ,रामजानकी चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पहलेजा अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने मंगलवार को बताया कि लोकसभा चुनाव और सड़क पर बाइक चालकों के द्वारा यातायात नियमों के अनदेखी करते हुए वाहन का परिचालन करने वाले कुल 395 दो और चार चक्के के वाहनों की जाँच किया गया। जिसमें जांच में बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट,बिना प्रदूषण,ट्रिपल लोडिंग,लहड़िया कट बाईक चलाने वाले वैसे वाहन चालको के ऊपर कुल 10 हजार रुपये जुर्माना लगाते हुए हिदायत देते हुए अगले बार से गलती नही की सलाह देते हुए कहा कि अगर पुनः गलती करने पर कड़ी करवाई करने की बात कही गयी ।उन्होंने बताया कि अगर यातायात नियमों का पालन नही करने पर वाहन चलातें पकड़े गए तो उनके वाहन को जब्त किया जाएगा। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान के लिए सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों के जांच पड़ताल किया गया।

## आरपीएफ ने अभियान चलाकर 6 लोगों को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सोनपुर के अधिकारी व जवान के द्वारा ट्रेनों में अनधिकृत रूप से महिला एवं दिव्यांग कोच में यात्रा करने वाले के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी हैद्य इसी क्रम में मंगलवार को सोनपुर आरपीएफ द्वारा बलिया- सियालदह एक्सप्रेस को चेक किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि ट्रेन में चेकिंग के क्रम में महिला एवं दिव्यांग कोच में कुल 6 व्यक्ति अनधिकृत रूप से यात्रा करते पाए गए। सभी पकड़े गए 6 लोगो को हिरासत में लिया गया एवं रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई हेतु रेलवे न्यायालय को अग्रसारित किया गया।

## 210 लीटर देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** थाना क्षेत्र के मानुपुर मोड़ के पास से मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब की तस्करी करने जा रहे दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार शराब तस्कर के पास से ट्यूब में रखे 210 लीटर देशी शराब बरामद किया गया गया।गिरफ्तार तस्कर की पहचान मानुपुर गांव निवासी स्व महंगू राय के पुत्र जितेंद्र राय तथा भीषण राय के रूप में हुई है।

## सेमरा में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से लगी आग, लाखों रुपए की संपत्ति जलकर हुआ नष्ट

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के सेमरा के वार्ड नंबर 5 में अरुण कुमार राय पिता स्वर्गीय टीपन राय के घर में अचानक खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर लिक करने के बाद मंगलवार के शाम आग लग गई। गैस सिलेंडर में आग लगते ही घर में रखे सभी सामान जलने लगा। आग लगने के बाद घर में हाहाकार मच गया और इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जहां ग्रामीणों ने पहुँच कर भारी मशक्कत कर आग को बुझाने की कोशिश की वहीं दूसरी ओर इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना एवं अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग के टीम ने घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर घर में लगे आग को बुझाने की कोशिश की जहां भारी मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन अरुण कुमार राय के घर में रखे पलंग ,बिछावन, ट्रंक में रखे कपड़ा ,जेवरात, टीवी, पंखा, नगद रुपए सहित घर के सभी सामान सब जलकर नष्ट हो गया। इस घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित के भाई अवधेश राय,कुंदन कुमार ,राजीव कुमार एवं अग्निशमन विभाग के कर्मी मनीष कुमार ने बताया कि आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जल का नष्ट हो गया है वहीं आग बुझाने के दौरान अरुण कुमार घायल हो गया जहां उसका दाहिना हाथ जल गया है। घायल युवक का इलाज के लिए सोनपुर भेजा गया है।

## मशरक में चाकूबाजी की घटना में दो घायल, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के फरदहिया गांव में मेले मे आए युवकों के बीच चाकूबाजी की घटना में दो को गंभीर हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उनकी पहचान कर्ण कुदरिया डुमरसन गांव निवासी रहमान अंसारी का पुत्र सोहेल अंसारी और अब्दुल लतीफ का पुत्र आरिफ अंसारी के रुप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है वहीं थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि चाकूबाजी की घटना में दो युवक घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया वहीं मामले में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी दो युवकों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि फरदहिया गांव में पीर बाबा के मजार पर मेले का आयोजन किया गया था उसी मेले में युवकों के बीच विवाद में चाकूबाजी की घटना हुई।

## महुई गांव निवासी व पश्चिम बंगाल में तैनात बीएसएफ के एएसआई सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर का ईलाज के दौरान निधन

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी व पश्चिम बंगाल में तैनात 102 बटालियन बीएसएफ के एएसआई सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर की सोमवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। मंगलवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शव लेकर मृतक के गांव पहुँचे बीएसएफ के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी ने बताया कि ड्यूटी पर तैनात उक्त पदाधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहाँ इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। स्व ठाकुर के निधन के बाद तिरंगे में लिपटे शव को उनके पैतृक गांव लाया गया। शव के पहुँचते ही परिजनों के रूदन क्रन्दन से वहाँ का माहौल गमगीन हो गया। शव यात्रा में शामिल सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय तथा सुरेन्द्र ठाकुर अमर रहे का जयघोष कर रहे थे। परिजनों ने बताया कि मृतक को तीन पुत्री व एक पुत्र है। जिसमे दो पुत्रियों की शादी हो चुकी है। मृतक मृदुभाषी व मिलनसार स्वभाव के थे। मृतक अभी कुछ ही दिन पहले अपने गाँव आये थे। छुट्टी में आने पर वे गांव के अलावा अपने रिस्तेदारों से मिल कर वापस आसनसोल गए थे। गांव के कुछ लोग यह भी नहीं जान सके थे कि वे छुट्टी पूरी कर ड्यूटी पर चले गए थे।

मंगलवार को सरयु नदी के किनारे स्थानीय ड्यूमाइगढ घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ मृतक जवान का दाह संस्कार सम्पन्न हो गया। मुखाग्नि उनके पुत्र विशाल कुमार ठाकुर ने दी। इससे पहले शव के साथ आये जवानों ने मातमी धुन बजाकर तथा फिर फायरिंग करके सशस्त्र सलामी दी।

**सारण के एसपी ने घाट पर पहुंच कर मृतक को दी सलामी:** मृतक बीएसएफ के एएसआई को सारण के एसपी डॉ गौरव मंगला ने डुमाईगढ़ घाट पर पहुँच कर सलामी दी। उन्होंने मृतक के पुत्र को ढाढ़स बंधाया। उधर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मृतक के परिजनों से मिलकर उनसे बात की तथा सांत्वना दिया। शव के साथ आये बीएसएफ के अधिकारियों से सांसद ने भी घटना की जानकारी ली। मौके पर माँझी के थानाध्यक्ष अमित कुमार राम व अन्य पुलिस पदाधिकारी व पँचायत प्रतिनिधि तथा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# 21वीं सदी की उपयोगिता के अनुरूप विद्या भारती भावी पीढ़ी की निर्माण कर रही है : रामलाल सिंह

**दैनिक खोज/फारबिसगंज।** विद्या भारती विद्यालय गंगा सरस्वती शिशु मंदिर व श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर फारबिसगंज में मंगलवार को त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला के समापन सत्र में लोक शिक्षा समिति बिहार के प्रदेश सचिव रामलाल सिंह ने आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा देश के आवश्यकता के अनुरूप विद्या भारती बालकों का निर्माण कर रही है। 21 वीं सदी की उपयोगिता के अनुरूप विद्या भारती भावी पीढ़ी की निर्माण कर रही है।जीवन में सफल या असफल होने का मूल कारण हमारी मनःस्थिति होती है। यदि हम किसी संकल्प के साथ किसी कार्य की शुरुआत करते हैं तो उसमें हमें अवश्य सफलता मिलती है। सकारात्मक सोच एवं संकल्प हमें सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती है।इस मौके पर आचार्य को संबोधित करते हुए नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.जीएन चौपाल ने कहा कि ही वे होते हैं जो छात्रों को हर क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें जीवन के लक्ष्य हासिल करने में मदद करते हैं। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थी सही और गलत में अंतर करना जानते हैं। शिक्षक एक छात्र के जीवन में परम आदर्श होते हैं।महिला महाविद्यालय फारबिसगंज की पूर्व प्राध्यापिका अनीता झा ने कहा विद्या भारती विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य वर्षो से की जा रही है।उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला में विगत सत्र की समीक्षा एवं नवीन सत्र 2024-25 में विद्यालय के भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्ष भर का कार्य योजना तैयार किया गया।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव डॉ. नेहा राज ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष राकेश रौशन, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार मिश्र, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार, लोक शिक्षा समिति के प्रांत प्रचार प्रमुख ललन राय,विद्यालय के आचार्य जगन्नाथ झा, संतोष राय, लक्ष्मीकांत झा, श्रीप्रसाद राय समेत विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।




## महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट मामले में चार के विरुद्ध प्राथमिकी

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाना में आवेदन देकर महुवल निवासी राजकुमार पासी सहित चार लोगों पर छेड़खानी व मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने आवेदन में कहा है कि 26 मार्च को राजकुमार पासी नशे में मेरे घर में घुसकर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर राजन पासी, सरोज पासी एवं देवकुमार पासी मेरे घर में घुसकर मुझे मारने लगे तथा घर से एक अटैची लेकर तथा जान से मारने एवं पुत्री का अपहरण करने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## कचरे की ढेर में लगी आग

**सिवान।** आन्दर नगर पंचायत कार्यालय के समीप मंगलवार को कचरे के ढेर में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग की लपट आंदर बाजार की तरफ बढ़ने लगी। यह देख स्वास्थ्य कर्मी संजय कुमार शशांक ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से तुरंत आग पर काबू पा ली। इससे बड़ी घटना टल गई।

## बाइक चोरी की प्राथमिकी

**बसंतपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर से सोमवार एक व्यक्ति की बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस मामले में बाइक मालिक हुस्सेपुर नंद निवासी सत्यदेव सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सत्यदेव सिंह ने बताया कि वे बीआरपी पद पर कार्यरत हैं। वे अपनी बीआरसी परिसर में बाइक खड़ी किए थे। तभी अज्ञात चोरों ने बाइक चोरी कर ली।

## पदाधिकारियों ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**महाराजगंज (सिवान)** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसडीओ अनिल कुमार, एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, बीडीओ डा. रवि कुमार ने मंगलवार को बजरहिया एवं खमहौरा स्थित संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मतदाताओं से भी पूछताछ की। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि यदि कोई आपको डरा- धमका रहा है तो इसकी जानकारी अधिकारी को दें। वैसे लोगों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ ने कहा कि मतदान के दिन आप निर्भीक होकर मतदान करने बूथों पर जाएं। साथ ही अगल- बगल के लोगों को मतदान देने के लिए प्रेरित करें।

## दुकान के बाहर खड़े युवक को मारी 3 गोली

### पहले से चला आ रहा है जमीनी विवाद, 2018 में पिता की हो चुकी है हत्या

**मोतिहारी,एजेन्सी।** मोतिहारी में दुकान के बाहर खड़े एक युवक को एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने गोली मार दी। घायल युवक को आसपास के लोगों ने मोतिहारी के रहमानिया मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया है। जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। घटना मोतिहारी के महुआवां थाना क्षेत्र के महुआवां बाजार की है।



घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि घायल राकेश अपने फर्नीचर दुकान के बाहर खड़ा था। तभी एक बाइक सावर दो अपराधियों ने इस पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान राकेश के पीठ में 3 गोली लगी है। गोली मारने के बाद अपराधी वहां से फायर हो गया। इसके बार आसपास के लोग वहां जमा होकर राकेश ठाकुर को लेकर मोतिहारी पहुंचे, जहां इलाज चल रहा है।

**पूर्व में पिता की हो चुकी है हत्या :** राकेश के पिता स्व सतेंद्र ठाकुर का साल 2018 में घर जाने के दौरान छोड़ादानो से तीन किलोमीटर दूर बाइक सावर अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी।

**जमीन को लेकर चला आ रहा है विवाद** घायल राकेश के भाई ने बताया कि उसके पटी-दारी में सड़क किनारे घर के पास एक से डेढ़ कट्ठा जमीन है। उसको लेकर जयप्रकाश ठाकुर से विवाद चला आ रहा है। इसी जमीन को लेकर मेरे पिता की गोली मार कर हत्या की गई थी। आज भाई पर फायरिंग किया गया है। घटना के बाद घर के लोग भय के स्थिति में जीने को मजबूर हैं।

**घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे एसडीपीओ** गोली चलने की सूचना मिलने के बाद रक्सौल एडीपीओ धीरेंद्र कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दिए हैं। एडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अब तक मिली जानकारी के अनुसार पूर्व से चला आ रहा जमीनी विवाद घटना का कारण सामने आ रहा है। जांच की जा रही है।

## खाना बनाने के दौरान आग लगने से महिला झुलसी, मौत

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के कौड़िया फतेह राय टोला में सोमवार की रात खाना बनाने के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर के रिसाव से आग लगने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव के ही मिथिलेश शर्मा की पत्नी ईशा कुमारी के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मिथिलेश शर्मा की पत्नी ईशा कुमारी सोमवार की शाम अपने घर में खाना बना रही थी।इस दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा। वह अभी कुछ समझ पाती आग उसके कपड़े में पकड़ लिया। अभी स्वजन कुछ समझ पाते तब तक वह बुरी तरह झुलस गई। स्वजन उसे इलाज के लिए बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल के चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। पटना ले जाने के क्रम में महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। उसके बाद स्वजन शव को घर लाए और रात्रि में ही दाह संस्कार कर दिया।

बताया जाता है कि मृतका गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना के फैजुल्लाहपुर निवासी दिनेश शर्मा की पुत्री है।उसकी शादी सात दिसंबर 2022 को शादी हुई थी।विवाहिता की मौत की सूचना मिलते ही उसकी मां संजू देवी और चाचा दशरथ शर्मा व दसई शर्मा मृतका के ससुराल पहुंच गए। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका का पति मजदूरी कर घर- परिवार का खर्च चलाता था। उसे अभी कोई संतान नहीं था। इस मामले में थाने में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## अलग-अलग अगलगी की घटना से मची अफरातफरी, आठ बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**सिवान।** जिले में 24 घंटे में अलग-अलग हुई अगलगी की घटना में अफरातफरी का माहौल रहा। इस दौरान आठ बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में अग्निशमन विभाग की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार हसनपुरा प्रखंड रजनपुरा पंचायत के लंगड़ा मोड़ एकली आम के निकट मंगलवार को बिजली के शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में आग लग गई। इस दौरान ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग की गाड़ी जब तक पहुंचती आठ बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। इस अगलगी में बलंती देवी के चार कट्ठा, धर्मदेव साह के चार कट्ठा, रोहित साह के 10 कट्ठा, जवाहिर साह के 10 कट्ठा, अनिल चौधरी 12 कट्ठा, अमीरुल्लाह खान के 20 कट्ठा, कलाम खान के 20 कट्ठा, बनवारी यादव के 22 कट्ठा, शेख हाशिम के पांच कट्ठा, राजू कुमार शर्मा के 10 कट्ठा, रतन यादव के 12 कट्ठा, रामदेव यादव के 22 कट्ठा, चंदन यादव के पांच कट्ठा, मुर्तजा अंसारी के 15 कट्ठा व अमीन खान के 12 कट्ठा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस संबंध में सीओ उदयन सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को भेज कर अगलगी की क्षति का आकलन किया जाएगा तत्पश्चात मुआवजा दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल के पीछे सोमवार की शाम नगर पंचायत द्वारा डंप कराए गए कचरे में आग लग गई। पछुआ हवा तेज होने के कारण आग थोड़ी ही देर में विकराल रूप धारण कर ली और देखते ही देखते आग नजदीक के गेहूं की खेत में पहुंच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी तथा आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों के प्रयास से नजदीक की गेहूं की फसल को बचा लिया गया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने घटना की सूचना एसडीओ को दी। एसडीओ अनिल कुमार ने कहा कि कचरा अब यहां पर नहीं गिरेगा।

### शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** चैनपुर थाना की पुलिस ने मंगलवार को शराब पीकर हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में भीखपुर निवासी बादल कुमार एवं मुबारकपुर निवासी अशोक साह शामिल हैं। थानाध्यक्ष श्रवण पाल ने बताया कि दोनों को मेडिकल जांच के लिए सिसवन रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया गया।

## श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर, नौ को कलश यात्रा के साथ होगा राम जन्मोत्सव का शुभारंभ

**सिवान।** हसनपुरा प्रखंड के उसरी बुजुर्ग शिव मंदिर परिसर में रामनवमी सेवा समिति, आयुष्मान सेवा संघ तथा हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। इसको ले श्रद्धालुओं द्वारा पूरे नगर पंचायत समेत आसपास के गांव की मुख्य सड़कों पर भगवा ध्वज, पताका व तोरणद्वार बनाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस बार कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए श्रीराम नगरी अयोध्या के तर्ज पर मर्यादा पुरुषोत्तम रामलला की बाल स्वरूप की प्रतिमा कारीगरों द्वारा बनाई जा रही है। साथ ही पूजा पंडाल, प्रवचन पंडाल, यज्ञ मंडप सहित अन्य तैयारियां चल रही है। समिति के संरक्षक पुरुषोत्तम दास महाराज ने बताया कि नौ की सुबह सात बजे से 5100 भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जबकि 17 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा व विशाल भंडारे के साथ महोत्सव की पूर्णाहुति की जाएगी। कलश यात्रा में नगर पंचायत हसनपुरा समेत आसपास के दर्जनों गांवों की हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल होंगे। कलश पूजन के उपरांत नौ दिवसीय श्रीरामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ प्रारंभ होगा। प्रतिदिन संध्या अयोध्या से पधारे श्रीराम कथा वाचिका मानस कोकिला अर्चना मणि पराशर द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा।

### छात्र- छात्राओं ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** भगवानपुर हाट प्रखंड के इंद्र सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज हिलसड़ में मंगलवार को प्राचार्य राजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व ने छात्र- छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाल लोगों को 25 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं ने ÷नहीं करोगे मतदान, बहुत होगा नुकसान÷ तथा ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो÷ के नारे लगा गांव में भ्रमण कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस दौरान रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान का महत्व समझाया तथा लोकतंत्र मजबूत बनाने के लिए मतदान अनिवार्य बताया। छात्रों ने मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान अवश्य करने का अपील की। इस अवसर पर शिक्षिका कुमारी प्रियंका राय, परासर कुमार पांडेय, प्रवीण कुमार राय, विजय राम आदि उपस्थित थे। जागरुकता रैली विद्यालय से आरंभ होकर हिलसड़, जगदीशपुर, इक्यावन टोला गांवों का का भ्रमण किया।

## महिला कांस्टेबल का गर्भपात करा शादी से किया इन्कार, पुलिस ने प्राथमिकी कर शुरू की कार्रवाई

**सिवान-**एक महिला कांस्टेबल का गर्भपात करा उसके प्रेमी द्वारा शादी से इन्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में महिला कांस्टेबल ने महिला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में महिला थाना ने एक अप्रैल को प्राथमिकी कर अग्रीम कार्रवाई के लिए न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र की एक युवती पश्चिमी चंपारण के एक थाना में कांस्टेबल पद पर कार्यरत है। चार अप्रैल 22 को उसकी मुलाकात उसके एक रिश्तेदार से हुई। इस दौरान दोनों के बीच नजदीकी बढ़ी और बात प्रेम प्रसंग तक चली गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके प्रेमी ने शादी का झांसा देकर 27 जून 22 से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। जब वह शादी के लिए दबाव बनाने लगी तो उसके प्रेमी के स्वजनों द्वारा अविवाहित होने की बात कह गर्भपात कराने के बाद ही शादी करने की सलाह दी गई। महिला कांस्टेबल ने अपने स्वजनों के साथ सात फरवरी, 24 अस्पताल पहुंच गर्भपात करा लिया। इसके बाद वह अपने प्रेमी से शादी करने की बात कही। इसके बाद प्रेमी व उसके स्वजनों द्वारा शादी करने से इन्कार कर दिया गया। इससे नाराज महिला कांस्टेबल ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरावे पटेल मोड़ निवासी प्रेमी राकेश कुमार, उसके पिता भीष्म प्रसाद, मां बिंदा देवी, भाई अनिल कुमार एवं भाभी नीलम देवी को आरोपित करते हुए कार्रवाई व न्याय की गुहार लगाई है।

# मुंगेर पहुंचे पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना

### मीना देवी क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन, 10 दिवसीय टी-20 खेल का आगाज

**मुंगेर,एजेन्सी।** मुंगेर के असरगंज प्रखंड के ममई गांव में 10 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज से क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हो गई है। वहीं, इस टूर्नामेंट का उद्घाटन भारतीय क्रिकेट के बल्लेबाज सुरेश रैना ने किया। उन्हें देखने के लिए मौके पर खिलाड़ियों समेत लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।



सुरेश रैना ने PDMC और बख्तियारपुर ब्लास्टर के बीच होने वाले क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला से पहले सिक्का उछला। इसमें पीडीएमसी ने टॉस जीता और पहली बल्लेबाजी शुरू की। मैदान में भीड़ अधिक होने के कारण सुरेश रैना ज्यादा देर ममई गांव के क्रिकेट मैदान में नहीं रुक सके। इसके कारण प्रशंसकों में नाराजगी दिखी।

वहीं, ग्रामीण क्रिकेट खिलाड़ियों ने कहा कि ममई गांव की धरती पर सुरेश रैना का आना गर्व की बात है। भारतीय क्रिकेट के विस्फोटक बल्लेबाज सुरेश रैना को देखने के लिए भारी संख्या में आसपास के ग्रामीण युवा पहुंचे थे। बता दें कि असरगंज के ममई गांव में पहली बार इस तरह का क्रिकेट टूर्नामेंट हो रहा है। जिसमें नेशनल स्थल के खिलाड़ी मुख्य अतिथि के रूप में आए और क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। वहीं, मीना देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजनकर्ता द्वारा बताया गया कि बिहार में पहली बार इस तरह का क्रिकेट मैच हो रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी यहां अपना खेल का प्रदर्शन करेंगे।

इस गांव में जो भी क्रिकेट खिलाड़ी खेलने के लिए आएंगे उनके ठहरने की व्यवस्था उत्तर वाहिनी गंगा तट सुल्तानगंज में किया गया है। वहां से खिलाड़ियों को वाहनों के जरिए क्रिकेट मैदान तक लाया जाएगा। इतना बड़ा आयोजन को लेकर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसे लेकर पुलिस बलों की तैनाती की गई है। वहीं मैदान में पहले दिन लोगों की काफी भीड़ थी।

## ट्रैक्टर चोरी मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हरिहांस निवासी आजाद अरशद ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध ट्रैक्टर चोरी की प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि नौ मार्च की शाम रगड़ टोला खोदाईबारी मोड़ स्थित अपने पेवर ब्लाक फैक्टरी परिसर में ट्रैक्टर रख ताला बंद कर घर लौट आया था। जब 10 मार्च की सुबह फैक्ट्री पहुंचा तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है तथा ट्राली सहित ट्रैक्टर गायब है। इस दौरान चोरों ने सीसी कैमरे एवं बिजली के तार को भी काट दिया था। काफी खोजबीन के बाद भी ट्रैक्टर का पता नहीं चला। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## डायन का आरोप लगा गर्म सलाख से जख्मी करने के मामले में नौ नामजद समेत 30 के विरुद्ध प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/बसंतपुर।** थाना क्षेत्र के कुमकुपुर गांव में 27 मार्च को एक महिला पर डायन का आरोप लगा ग्रामीणों ने गर्म लोहे से दाग कर घायल कर दिया गया था। स्वजनों द्वारा महिला का इलाज किसी निजी अस्पताल में कराया गया। इस मामले में पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर नौ नामजद सहित 30 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि 27 मार्च को गांव के ही पप्पू मांझी, अप्पू मांझी, सुनैना कुंवर सहित नौ ज्ञात तथा 20 से 30 अज्ञात लोगों ने मुझे चंवर में बुलाकर ले गए तथा डायन कहते हुए गर्म लोहे से विभिन्न अंगों को दाग कर घायल कर दिए। मैं किसी तरह जान बचाकर अपने संबंधी सारण के तरैया में जाकर छिप गई। इस दौरान पीड़िता ने पुलिस के समक्ष घटना का वीडियो भी प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया है। इस मामले में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि महिला के बयान पर प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर पलटने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**सिसवन (सिवान)** ट्रैक्टर पलटने से घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान सलाउद्दीन के पुत्र जाकिर अली के रूप में हुई है।बताया जाता है कि सोमवार को चालक ट्रैक्टर ट्राली पर बालू लाद कर कठिया बाबा के पास गया था। वहां से लौटने के दौरान माधोपुर चिमनी के समीप ट्रैक्टर पलट गया जिससे चालक के अलावा दो किशोर घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के घर भेज दिया गया। स्वजनों ने बताया कि घर आने के बाद रात्रि करीब 11 बजे जाकिर अली की स्थिति बिगड़ने लगी। स्वजन उसे इलाज के लिए सिवान एक अस्पताल में ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत के बाद गांव में शोक का माहौल है।